R. K. Advertising
के माध्यम से 'जैन गजट' में विज्ञापन बुक कराने हेतु सम्पर्क करें-
शेखर चन्द पाटनी
राष्ट्रीय संवाददाता-जैन गजट
मो. 9667168267
रोहित कुमार पाटनी, डायरेक्टर
(आर. के. एडवरटाइजिंग)
मो. 8003892803
ईमेल
rkpatni77@gmail.com



बीसवीं सदी के प्रथमाचार्य
चारित्र चक्रवर्ती
परम पूज्य आचार्य श्री शांति सागर जी

भगवान महावीर जन्म कल्याणक विशेषांक-1
1 दिसम्बर 1895 से प्रकाशित जैन समाज का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक
जैन गज़ट
www.Jaingazette.com
वर्ष 32 अंक 22 कुल पृष्ठ 16 लखनऊ, प्रकाशन तिथि- सोमवार 23 मार्च 2026, वीर नि. संवत् 2552
Unit : Sri Bharatvarshiya Digamber Jain Mahasabha jaingazette2@gmail.com

उत्सव से आत्मचिंतन तक: क्या हम सचमुच तीर्थंकर भगवान महावीर को मानते हैं?

विशेष संपादकीय

राजेन्द्र जैन 'महावीर',
सनावद
सह सम्पादक

वर्षों से हमारा समाज तीर्थंकर भगवान महावीर की जन्म जयंती और जन्म कल्याणक बड़े ही उत्साह और श्रद्धा से मनाता आया है। भव्य शोभायात्राएँ निकलती हैं, विशाल पांडाल सजते हैं, सैकड़ों-हजारों लोगों की उपस्थिति में अति भव्य भव्यातिभव्य आयोजन होते हैं। नए-नए मंदिरों का निर्माण बड़ी संख्या में हो रहा है, अनेक स्थानों पर प्रतिमाएँ स्थापित की जा रही हैं। तीर्थयात्राओं की संख्या भी निरंतर बढ़ रही है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त धर्मशालाएँ, थ्री-स्टार और फाइव-स्टार जैसी व्यवस्थाएँ भी अब तीर्थों पर दिखाई देती हैं। समाज आर्थिक रूप से समृद्ध है, संगठित है, सक्रिय है। बाहर से देखने पर सब कुछ अत्यंत प्रभावशाली प्रतीत होता है, किन्तु इन सबके बीच एक गंभीर प्रश्न बार-बार मन को मथता है। क्या हम सचमुच तीर्थंकर भगवान महावीर को मानते हैं?

अहिंसा की सूक्ष्मता और हमारा आचरण - जिस अहिंसा की सूक्ष्मतम व्याख्या हमारे धर्म में मिलती है, क्या उसका पालन हम कर रहे हैं? हमारे आचार-विचार, व्यवहार, वाणी और व्यापार क्या सबमें अहिंसा झलकती है? अहिंसा केवल प्राणी हत्या न करने का नाम नहीं है। कठोर वचन भी हिंसा है, द्वेष भी हिंसा है, ईर्ष्या भी हिंसा है, किसी की प्रतिष्ठा को आहत करना भी हिंसा है।

यदि हम प्रतिदिन मंदिर जाएँ, पूजा-अर्चना करें, पर भीतर क्रोध, मान, माया, लोभ और प्रतिस्पर्धा का भाव बना रहे-तो क्या वह तीर्थंकर भगवान महावीर की वाणी का पालन है?

अपरिग्रह बनाम परिग्रह – तीर्थंकर भगवान महावीर ने अपरिग्रह का संदेश दिया, आवश्यकता से अधिक संचय न करना, आसक्ति न रखना, पर आज स्थिति क्या है? बड़े-बड़े भवन, भव्य आयोजन, प्रतिस्पर्धा- ''किसने अधिक किया'', ''किसका आयोजन बड़ा था'', ''किसने अधिक दान दिया'' - ये चर्चाएँ अधिक दिखाई देती हैं। क्या धर्म प्रदर्शन का माध्यम है? या आत्मसंयम का मार्ग? - यदि धर्म के नाम पर भी अहंकार बढ़े, तो वह धर्म नहीं, परिग्रह का ही एक रूप है।

शेष पृष्ठ 2 पर.....

WONDERFUL 12 Nights / 13 Days
EUROPE
8 Nov यूरोप जैन मंदिर के दर्शन
PARIS, SWITZERLAND, ITALY
AUSTRALIA
21 Jan 13 Feb 7 Mar
आस्ट्रेलिया जैन मंदिर के दर्शन 9 Nights / 10 Days
Melbourne, Sydney, Gold Coast, Brisbane
AMERICA (USA)
Dep in 2026 अमेरिका जैन मंदिर के दर्शन
12 Nights / 13 Days
Niagara Falls, San Francisco, New Jersey
New York, Los Angeles, Las Vegas, Washington
VAYUDOOT WORLD TRAVELS PVT. LTD.
100% Pure Vegetarian Jain Food
ला: नेमचन्द जुगल किशोर जैन तीर्थ यात्रा संघ
Mob : +91 9313338256, 9810408256, 9818312056

अति प्राचीन मनोरथ पूर्ण 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ अतिशय क्षेत्र, प्रभुसर हस्तेड़ा जयपुर

869 साल प्राचीन मूलनायक श्री मुनिसुव्रतनाथ प्रतिमा
शांतिधारा का प्रसारण
f LIVE
आरती : 7:15 - 7:45 AM
शांतिधारा : 8:30 AM
@jainmandirhasteda
नामांकित शांतिधारा पुण्यार्जन के लिए संपर्क करें:
अमित शर्मा (Manager)-9783016885
नामांकित शांतिधारा के लिए किसी भी राशि का आग्रह नहीं है।
हस्तेड़ा जैन मंदिर
दूरी-दिल्ली से 250 किमी.एवं जयपुर से 65 किमी.
संपर्क सूत्र:
नितिन कुमार पाटनी (मंत्री)
9001255955
मनीष जी गंगवाल (कोषाध्यक्ष)
095880-20330

JK MASALE SINCE 1957
Buy online on jkcart.com



– Breakfast Matlab –
JK POHA
Shudh Khao Swasth Raho...

अहिक्षेत्र रेलवे स्टेशन का नाम तीर्थंकर पारसनाथ के नाम पर रखने की मांग



भगवान पारसनाथ की स्थली, तिखाल नगरी, बरेली, रामनगर, अहिक्षेत्र रेलवे स्टेशन का नाम तीर्थंकर पारसनाथ के नाम पर रखने की मांग समाजवादी पार्टी सांसद नीरज मौर्य ने रेल मंत्री के समक्ष संसद में उठाई।

शेष पृष्ठ 01 का....

क्या तीर्थंकर भगवान महावीर ने भव्यता को धर्म कहा था? हम स्वयं से प्रश्न करें-क्या तीर्थंकर भगवान महावीर ने मंदिर निर्माण को ही धर्म का केंद्र बताया? क्या किसी आगम में यह उल्लेख है कि धर्म की प्रभावना केवल विशाल आयोजनों से होगी?

क्या तीर्थयात्राएँ मात्र पर्यटन बनकर रह जाएँ, तो वे आत्मोन्नति कर पाएँगी?

क्या आधुनिक सुविधाएँ ही मोक्षमार्ग का प्रमाण हैं?

तीर्थ अवश्य जाएँ, पर तीर्थ का उद्देश्य है-मन का परिवर्तन। यदि यात्रा से लौटकर हमारा व्यवहार नहीं बदला, तो यात्रा अधूरी रह गई।

तीर्थयात्रा-परिणामों की परीक्षा - आज अनेक संगठन और मंडल निरंतर तीर्थयात्राएँ आयोजित करते हैं। यह शुभ कार्य है। परंतु प्रश्न यह है - यात्रा के बाद हमारे परिणामों में कितना परिवर्तन आता है?

यदि यात्रा के दौरान ही भोग-विलास, खान-पान, दिखावा और प्रतिस्पर्धा अधिक हो जाए तो आत्मचिंतन कहाँ रहेगा?

तीर्थ का मार्ग कठिन तप का मार्ग रहा है। संत-मुनियों ने कष्ट सहकर यात्राएँ कीं। आज यदि हम सुविधा और प्रतिष्ठा के लिए जाएँ, तो क्या वह भाव तीर्थंकर भगवान महावीर की शिक्षाओं के अनुरूप है?

मंदिर पहले मन में बने, मंदिर निर्माण पुण्य का कार्य है। प्रतिमा स्थापना श्रद्धा का प्रतीक है परंतु तीर्थंकर भगवान महावीर का सच्चा मंदिर हमारा मन है।

यदि मन निर्मल नहीं, यदि भीतर राग-द्वेष है, यदि हम क्षमा नहीं कर पाते तो बाहरी निर्माण अधूरा और उद्देश्यहीन है।

मंदिर का शिखर जितना ऊँचा हो, उससे अधिक ऊँचा हमारा चरित्र होना चाहिए।

धर्म या प्रतिस्पर्धा? - आज ''पहली बार'', ''सबसे बड़ा'', ''ऐतिहासिक आयोजन'', ''अभूतपूर्व कार्यक्रम'' - ऐसे शब्दों का प्रयोग बढ़ गया है।

पर धर्म स्पर्धा का विषय नहीं है।

धर्म विनम्रता है।

धर्म मौन साधना है।

धर्म भीतर की यात्रा है।

यदि आयोजन के पीछे अहंकार, राजनीति या गुटबाजी हो तो वह भावना धर्म की नहीं रह जाती। हम तीर्थंकर भगवान महावीर को मानते हैं-पर क्या उनकी मानते हैं?

सच तो यह है कि हम तीर्थंकर भगवान महावीर को बहुत मानते हैं -

उनकी पूजा करते हैं, उनकी जय-जयकार करते हैं, उनके नाम से आयोजन करते हैं परंतु क्या हम उनकी बात मानते हैं?

अहिंसा, अनेकांत, अपरिग्रह, समता-ये केवल शब्द न रहें, जीवन का आधार बनें। तीर्थंकर भगवान महावीर ने कहा था-अपने भीतर के विकारों को जीतना ही वास्तविक विजय है। बाहर की विजय नहीं, भीतर की विजय आवश्यक है।

आज की आवश्यकता - आज आवश्यकता है-मंदिरों से अधिक मनों को जोड़ने की, आयोजनों से अधिक आत्मचिंतन की, प्रदर्शन से अधिक अभ्यास की, भीड़ से अधिक भावना की।

परम पूज्य आचार्यश्री विद्यासागर जी का कथन है - यदि उपवास या एकाशन न हो सके तो मत करना, लेकिन किसी भी प्राणी के प्रति दुराभाव मत रखना।' यदि विशाल दान न दे सकें, तो भी क्षमा और करुणा का भाव अवश्य रखें।

प्रश्न यह नहीं कि समाज क्या कर रहा है, प्रश्न यह है कि मैं क्या कर रहा हूँ?

तीर्थंकर भगवान महावीर जयंती केवल उत्सव न रहे, वह आत्मपरीक्षण का अवसर बने।

आइए, संकल्प लें - हम तीर्थंकर भगवान महावीर को केवल नाम से नहीं, केवल मंदिरों से नहीं, केवल आयोजनों से नहीं, अपने आचरण से मानेंगे तभी हमारा ''तीर्थंकर भगवान महावीर को मानना'' सार्थक होगा।

तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक

पिता की परचून दुकान जैन बेटी बनी है IAS

UPSC सिविल परीक्षा 2025 का रिजल्ट घोषित हो गया है, यूपी की शामली की रहने वाली आस्था जैन श्री 9वी रैंक है। आस्था ने पहली बार में ही 2025 में UPSC क्वालीफाई किया था, इस दौरान उनकी 131वीं रैंक मिली थी। IAS बनने के बाद आस्था का मन तो IPS बनने का था इसलिए उसने IPS की ट्रेनिंग से ही छुट्टी लेने के बाद सिविल सर्विस की पढ़ाई पुनः शुरू किया और इस बार की परीक्षा में 9वीं रैंक प्राप्त किया। आस्था ने यह मुकाम सेल्फ स्टडी करके प्राप्त किया है। आस्था का परिवार कांधला में रहता है। पिता की परचून की दुकान और मां हाउस वाइफ है। आस्था तीन बहन एक भाई हैं। बड़ी बहन डॉक्टर, दूसरे नंबर पर आस्था और तीसरी बहन डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही है।

।। श्री महावीराय नमः।।

हिंसा पीड़ित राष्ट्र राह महावीर की तकता है।
वर्तमान को वर्धमान की आवश्यकता है।।

भगवान महावीर स्वामी की जयन्ति पर हार्दिक कोटिशः बधाईयां

महावीर प्रसाद-श्रीमती सुलोचना जैन
मनोज कुमार-श्रीमती अंजली जैन
दीपक-श्रीमती विनीता जैन
अमिशी, अद्विका, शिवांश जैन
63 जगदंबा नगर, हल्दी घाटी मार्ग
प्रताप नगर, जयपुर (राज.) 302023
मो. 8875452555, 9549789555

विज्ञापन प्रेषक - पारस जैन, संवाददाता, कोटा (राज.)

भगवान महावीर जयंती पर हार्दिक शुभकामनाओं सहित

SANTOSH JAIN & ASSOCIATES
SWATI VINIMAY & CONSULTANCY PVT. LTD
ANAMICA TRADERS PVT. LTD.
L. N. FINANCE PVT. LTD.

OFFICE
CITY TRADE CENTRE,
Near Athgaon Flyover, A.T. Road, Guwahati-781001
M. : 94350-48488 (O) / 97060-48488 (R) / 8638773711

सी. ए. (डॉ.) संतोष काला | श्रीमती सरिता काला | संदीप-स्वाति पाटनी | श्रेयांस-स्नेहा काला

RESIDENCE : 401/501, Abhinandan Appartment, 4th Floor, H.S.Road, Chhatribari, Guwahati-781008
E-mail : casantoshkala@gmail.com

SHREE COMPLEX & SHREEMAN COMPLEX, P. O. BIJOYNAGAR-781122, DIST-KAMRUP (ASSAM)

भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर विशेष

सर्वोदय के प्रणेता- भगवान श्री महावीर

श्रीमति उमा मालवीय, नई दिल्ली

(लेखिका - भारतीय संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, राष्ट्रीय श्रम आयोग के अध्यक्ष, जैन समाज के गौरव श्री रतनलाल मालवीय की पुत्रवधु प्रख्यात समाज सेविका हैं। सागर के प्रतिष्ठित मलैया घराना के पारिवारिक सदस्य श्री मालवीय हैं)

आज आवश्यकता इस बात की है कि भगवान महावीर के दर्शन को समझें तथा उनके उपदेशों को अपने आचार में क्रियान्वित करें। ऐहिक जीवन के अभ्युदय और पारलौकिक जीवन में निःश्रेयस की प्राप्ति के लिए भगवान महावीर ने सम्यक्दर्शन, सम्यक्ज्ञान एवं सम्यक्चारित्र रूपी रत्नत्रयी का जो मार्ग प्रशस्त किया वह गृहस्थ एवं वीतरागी श्रमण दोनों के लिए समान रूप से उपयोगी हैं। भगवान महावीर अहिंसा के प्रतिमूर्ति थे। उनके द्वारा प्रतिपादित अहिंसा के सिद्धान्त को अधिक से अधिक प्रचारित किया। भगवान महावीर का जीवन अनन्त वीर्य से ओतप्रेत, सत्य और अहिंसा के शाश्वत धर्म के वे प्रतीक बने ऐसे उन भगवान को जिन और वीर कहना सार्थक है। भगवान महावीर ने प्राणी मात्र के प्रमाद रहित होकर जीवन जीने का पद प्रदर्शन किया। वीतराग प्रभु ने कहा कि शुभ कार्यों के द्वारा पुण्य का सर्जन और अशुभ कार्यों से पाप का, भूखे को भोजन, प्यासे को पानी, आश्रयहीन को ठहरने का स्थान, निर्वस्त्र को वस्त्र आदि देने से ही पुण्य का सर्जन होता है। साधु को सुख-दुःख, लाभ-अलाभ, जीवन-मरण, निन्दा-प्रशंसा और मान-अपमान में सम भाव रखना चाहिए।

महान विभूतियां हजारों वर्षों में कभी जन्म लेती हैं, भगवान महावीर ऐसे ही तेजस्वी महापुरुष जिनके सुकृत्यों की सुवास युगों-युगों तक व्याप्त रहेंगी। उन्होंने अहिंसा, अपरिग्रह व अनेकांत सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया वे मानवता के लिए सदैव प्रकाश स्तम्भ हैं।

अपने में भगवान देखना और हर आत्मा को अपने समान देखना यही भगवान महावीर का आत्मा से परमात्मा बनने का धर्म। भगवान महावीर ने अपने उपदेशों में प्रचारित किया कि सभी जीव बराबर हैं, जो पुरुषार्थ करें वह भगवान बन सकता है, महावीर का धर्म साम्प्रदायिक, व्यक्ति विशेष का नहीं वह तो प्राणी मात्र का है जो भगवान महावीर के उपदेशों को ग्रहण करें वही उनका अनुयायी हैं। आज सारा विश्व परस्पर हिंसा, आतंकवाद, छल-कपट, व्यभिचार, भ्रष्टाचार जैसी कुरीतियों से व्याप्त हैं। ऐसे संकटों से उभार भगवान महावीर का सिद्धान्त जो परस्पर में 'जियो और जीने दो' का संदेश देता हैं। भगवान महावीर के सिद्धान्तों की सर्वाधिक आवश्यकता तो आज है जहाँ सारा विश्व विद्वेष की भावना से जल रहा, ऐसे माहौल में कोई तारणहार हैं तो वह महावीर के सिद्धान्त और उनका सर्वोदयी शासन। भगवान श्री महावीर की अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य परिग्रह के सिद्धान्तों को जन-जन तक पहुंचाने का पुरुषार्थ सद्भावना का प्रतीक हैं।

भगवान महावीर ने आत्म साधना के उच्चतम अनुकरणीय आदर्श उपस्थित करके श्रमण संस्कृति के परिष्कार की प्रक्रिया को चरम सीमा तक पहुंचा दिया और उसकी उत्कृष्ट अपरिग्रह की परम साधना के कारण धर्म के लिए ''जैन'' शब्द का व्यवहार प्रारंभ हुआ उनके काल में धर्म के इस नामकरण का अभिप्राय यह नहीं कि वे उसके प्रवर्तक हैं वे इस परम्परा के चौबीसवें तीर्थंकर ही हैं। श्री महावीर के पूर्ववर्ती तेइस तीर्थंकरों के द्वारा धर्म व्यवहार के परिष्कार की इस सांस्कृतिक प्रक्रिया को निरन्तर गतिमान किया है। परिष्कार की यह प्रक्रिया भगवान महावीर के बाद भी निरन्तर चल रही और उससे जैन धर्म का निखार होता रहा, उसी के कारण वह दूसरों के घोर विरोध में भी टिका रहा।

मानवीय एवं आर्थिक असमानता के साथ-साथ वैचारिक मतभेद भी समाज में द्वन्द्व को जन्म देते हैं जिस कारण समाज रचनात्मक प्रवृतियों को विकसित नहीं कर सकता। वैचारिक प्रक्रिया मानव की सृजनात्मक मानसिक शक्तियों का परिणाम होता है पर उसको न समझने से मनुष्य के आपसी मतभेद संकुचित संघर्ष के कारण बन जाते और इससे समाज की शक्ति विघटित होती है, समाज के इस पक्ष को भगवान महावीर ने गहराई से समझा और अनेकान्त सिद्धान्त को प्रतिपादित किया, जिसमें मतभेद भी सत्य को देखने की दृष्टियाँ बन गई और व्यक्ति समझने लगा कि मतभेद-दृष्टि पक्षभेद के रूप में ग्राह्य है, मतभेद संघर्ष का कारण नहीं, किन्तु विकास का द्योतक है, अनेकान्त के इस सत्य विभिन्न पक्षों को समन्वित करने का ऐसा मार्ग खोल दिया जिससे सत्य की खोज किसी एक की बपौती नहीं रह गई, जैन धर्म के इस वैचारिक उदारता ने समाज में व्याप्त अनुचित संघर्ष को समाप्त कर दिया। अनेकान्त समाज का गत्यात्मक सिद्धान्त जो जीवन में वैचारिक गति को उत्पन्न करता, संकीर्णताओं की बंद खिड़कियों को खोलकर उदारता की हवा से समाज के स्वास्थ्य को ठीक रखता है। आनंद की अनुभूति बाहरी साधनों से नहीं, स्वयं के भाव और दृष्टिकोण से होती है। अहिंसा, अनेकांतवाद और अपरिग्रह विचार धाराओं पर जैन धर्म पूरे विश्व में व्याप्त हैं, भगवान महावीर ने ब्राह्मणवाद के यज्ञ-याग को करीब से देखा, यज्ञ में राजा और प्रजा, धर्म के नाम पर पशुओं की बलि दी जाती, होने वाली हिंसा उन्हें मान्य नहीं थी। आर्थिक विषमता का अभिशाप उस युग में त्रास का कारण बना, ऊंच-नीच का भेदभाव, दास-दासियों का क्रय-विक्रय होता, नारी जाति की दुर्दशा भगवान महावीर ने नारियों की मंडियां लगती देखी, दासों की मंडियां उस समय के सभ्य समाज का हिस्सा बन गयी थी। वर्णों में समाज विभाजित जैन धर्म का प्राचीन स्वरुप बिखर चुका था लोग धर्म के नाम पर मांसाहार का प्रयोग करते समाज के इस दूषित वातावरण ने महावीर की चिन्तन शक्ति को झकझोर दिया वह निरन्तर अभावग्रस्त और दयनीय मानवता के प्रति, भगवान महावीर ने पाशविक मनोवृतियों की दासता से निकालकर नैतिक जागरण के पथ पर चलने को प्रेरित, आत्मानुभूति और आध्यात्मिक मूल्यों का सृजन कर सामाजिक क्रान्ति के तेजस्वी अग्रदूत बने। भगवान महावीर का जीवन मानवीय मूल्यों की स्थापना की अनवरत और शाश्वत ज्योति की कहानी है।भगवान महावीर अहिंसा के सर्वोच्च प्रवक्ता, युग दृष्टा, युग पुरुष उन्होंने मानव कल्याण के लिए जीवन समर्पित कर दिया। हिंसा, पशु बलि, जातीय विषमता का भेदभाव, उस युग में भगवान का जन्म हुआ उन्होंने उस युग का इतिहास ही बदल दिया। निस्संदेह महावीर गुणों की पराकाष्ठ हैं, इसीलिए वे गुणातीत भी हैं। हम उनकी प्रतिबद्धता एक कण भी उठा अपने जीवन में सजा लें तो हमारा जीवन आनंदमय और सार्थक हो जाये।

संपूर्ण मानवता को प्रेरणा देते भगवान श्री महावीर जैसे दिव्यात्मा युग-युगान्तर तक याद किये जाते रहेंगे।

परम पूज्य, वात्सल्य वारिधि, पट्टाचार्य 108 श्री वर्धमान सागर जी महाराज ससंघ के चरणों में शत् शत् नमन

आचार्य वर्धमान सागर वचन

जिनके चरणों में लगी हुई तीर्थों की पावन रजकण,
बड़े भाग्य से मिल पाता उन चरणों का स्पर्शन
जिनकी हितमित प्रिय वाणी हरती है धरती का क्रंदन
ऐसे आचार्य श्री वर्धमान सागर जी के चरणों में हमारा शत् शत् वंदन

उम्मीद बहुत तकलीफ देती है पर न जाने क्यों फिर भी उम्मीद रहती है

-: नमनकर्ता/पुण्यार्जक :-

श्रीपाल सबलावत, सुरेश सबलावत, हुलासचंद सबलावत परिवार रेडिप्रिण्ट जयपुर

सुधांसु कासलीवाल अध्यक्ष श्री महावीर जी
विवेक काला, (कालाजी ज्वैलर्स) जयपुर
अशोक कटारिया, निवाई
राजेन्द्र कटारिया, अहमदाबाद

धर्मचंद पहाड़िया जयपुर राज. केन्द्रीय कार्याध्यक्ष तीर्थ संरक्षिणी
इन्द्रमणी देवी चूड़ीवाल, निखार, जयपुर
कैलाशचंद पाटनी किशनगढ़ (उरसेवा वाले)
Caption Tours And Travels Co. Kuwait (Mr. Rishabh Pachori, Mr.Mayur Pachori, Parsola)

विज्ञापन प्रेषक: R.K.Advertising मदनगंज किशनगढ़ द्वारा-शेखरचन्द पाटनी, जैन गजट राष्ट्रीय संवाददाता, मो. 09667168267 rkpatin777@gmail.com

खानिया जी के श्री वासुपूज्य और श्री चंद्रप्रभ भगवान जहाँ अनेक अतिशय हुए -आचार्य श्री वर्धमान सागर जी

राजेश पंचोलिया, इंदौर

खानिया जयपुर के 1008 श्री वासू पूज्य जिनालय के चमत्कारी अतिशय कारी 1008 श्री चंद्रप्रभ भगवान जिनके समक्ष शांति भक्ति का पाठ करने से मुनि श्री वर्धमान सागर जी को सन 1969 में नेत्र ज्योति वापस प्राप्त हुई

3 मार्च को खानिया जयपुर के 1008 श्री वासू पूज्य जिनालय के चमत्कारी अतिशय कारी 1008 श्री चंद्रप्रभ भगवान के दर्शन करते हुये आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज

खानिया, जयपुर। प्रथमाचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की अक्षुण्ण मूल बाल ब्रह्मचारी पट्ट परंपरा के तृतीय पट्टाधीश आचार्य श्री धर्मसागर जी से दीक्षित पंचम पट्टाधीश आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज का 34 साधु सहित उपसर्ग निवारण स्थल अतिशय क्षेत्र खनिया जी में भव्य मंगल प्रवेश 13 मार्च को हुआ। राणा जी नसिया के पदाधिकारियों ने आचार्य श्री के चरण प्रक्षालन कर मंगल आरती की। सर्वप्रथम मानस्तंभ के दर्शन कर मूलनायक श्री वासुपूज्य भगवान के दर्शन कर अभिषेक देखा मंदिर में अन्य वेदियों पर विराजित श्रीजी के दर्शन किए।

आचार्य श्री ने संघ के साधुओं और समाज को स्वयं बताया कि सन 1969 में दीक्षा के 4 माह बाद हम पर नेत्र ज्योति जाने का उपसर्ग इसी जिनालय के 1008 श्री चंद्रप्रभ भगवान समक्ष शांति भक्ति का पाठ करने से नेत्र ज्योति वापस आई। उपस्थित सभी साधु समाज जन ने चंद्रप्रभ भगवान और आचार्य श्री की जयकार किया। संघ चैत्यालय में अभिषेक के बाद धर्म सभा में आचार्य श्री ने बताया कि 24 तीर्थकरों में पांच बाल ब्रह्मचारी भगवान हुए जिसमें मंदिर के मूलनायक श्री वासुपूज्य भगवान प्रथम बाल ब्रह्मचारी हुए जयपुर में सैकड़ों मंदिर बने हैं किंतु खनिया जी के इस मंदिर में अनेक अतिशय हुए हैं। हम सहित अनेक पूर्वाचार्य ने दर्शन किए और चातुर्मास भी किया है। प्रथम पट्टाचार्य श्री वीरसागर जी महाराज ने तीन चातुर्मास खनिया जी में किया, उन्हें आचार्य पद भी यहीं खनिया जी में प्राप्त हुआ और उनकी समाधि भी यहीं खनियाजी में हुई। द्वितीय पट्टाचार्य श्री शिवसागर जी को भी आचार्य पद यहीं खनिया जी में प्राप्त हुआ। राजेश पंचोलिया के अनुसार आचार्य श्री ने बताया कि अनेक साधुओं की यह दीक्षा स्थली भी रही है। आचार्य कल्प श्री श्रुतसागर जी महाराज ने मूलनायक श्री वासु पूज्य भगवान के समक्ष आचार्य पद का हमेशा के लिए त्याग भी यही खनियाजी में किया था। यहां के भगवान का इतना अतिशय है कि तीन बार भगवान की प्रतिमा चोरी हुई किंतु वह पुनः वापस प्राप्त हुई। इसी जिनालय में श्री पदमप्रभ भगवान के समक्ष हमने नेत्र ज्योति जाने के बाद शांति भक्ति का पाठ किया तो हमारी नेत्र ज्योति वापस प्राप्त हुई। देश के मूर्धन्य प्रख्यात विद्वानों की तत्वचर्चा खानियाजी में हुई जिसमें सोनगढ़ विचारधारा वालों से धार्मिक तत्व चर्चा हुई जिसमें आचार्य शिवसागर जी ने अपने तार्किक विचार उद्बोधन दिया जिसे सभी ने मान्य किया। देश में यह तत्व चर्चा खानिया तत्व चर्चा के नाम से प्रसिद्धि को प्राप्त हुई। इस अवसर पर मुनि श्री हितेंद्र सागर जी का उपदेश हुआ। मंच संचालन श्री कमलबाबू ने किया आचार्य संघ का कुछ दिनों तक अल्प प्रवास रहेगा।

महावीर जयन्ती के उपलक्ष में धावास जैन मंदिर में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

राष्ट्रीय संवाददाता, शेखरचंद पाटनी

जयपुर। पूरे राजस्थान में आगामी 30 मार्च को महावीर जयंती का पर्व अत्यंत श्रद्धा एवं उल्लास के साथ विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित मनाया जाएगा। धावास मंदिर समिति के संरक्षक एवं निर्माण संयोजक जय कुमार जैन-बड़जात्या, अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बैद एवं मंत्री मितेश ठोलिया ने बताया कि राजस्थान जैन सभा एवं मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर एवं महा रक्तदान शिविर का आयोजन मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अशोक शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास कटारिया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पृथ्वीराज नगर जन विकास समिति के अध्यक्ष अनिल माथुर एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. संजय छाबड़ा की गौरवमयी उपस्थिति रही। सह मंत्री मनोज जैन-पचेवर एवं नरेन्द्र गोधा ने बताया कि मंदिर समिति के परम संरक्षक एवं गुरु भक्त विकास बड़जात्या, कामां वाले ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सामाजिक सेवा के इस पुनीत कार्य में समाजसेवी उपेन्द्र बोथरा, विनय रंजन मित्तल, गजानन्द जांगिड़, ओमप्रकाश जाखड़, दिनेश राव, डा. कैलाश प्रकाश कुमावत आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

सन्मति सुनीलम् महिला मण्डल की सीमा बड़जात्या, शिमला जैन-निवाई, डिम्पल जैन, खुशबू छाबड़ा, प्रियंका गंगवाल, रीता जैन, पायल बड़जात्या, सीमा गोधा, अल्पना ठोलिया, शिमला जैन, निकिता जैन, लेखा जैन, अंजली बैद, दीपा सौगाणी, पूजा ठोलिया, निशा ठोलिया, आशा बैद, अनीता छाबड़ा आदि ने पूरी व्यवस्थाओं को बखूबी अंजाम दिया। कार्यकारिणी सदस्य नरेश सौगाणी एवं विनय जैन-सारसोप ने अवगत कराया कि निशुल्क चिकित्सा जांच शरीर में शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय चौधरी, पूर्व चिकित्सा निदेशक डॉ. आर. एस. छीपी, एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉ. महेश अग्रवाल सहित वेलनेस कोच हर्षा एवं स्वाति ने सेवाएं दीं। श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति, धावास के सभी पदाधिकारी, सदस्यगण एवं पूरा जैन समाज भगवान महावीर के जियो और जीने दो के सिद्धांत का अनुकरण करते हुए समाजसेवा के इस पुनीत कार्य में तत्परता से सहभागी बना।

राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष पांडे महामंत्री मनीष वेद उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा रक्तदान शिविर के मुख्य संयोजक राजीव पाटनी, सह संयोजक अनिल छाबड़ा एवं पवन पांड्या ने भी रक्तदान शिविर में शिरकत कर धावास जैन समाज के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में युवा शक्ति का भरपूर सहयोग मिला जिसमें अभिषेक गर्ग, आशीष बैद, अभिषेक गंगवाल, अर्पित जैन, पं. विशाल जैन, आशीष छाबड़ा की मुख्य भूमिका रही।

निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर में एक सौ बीस लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और चालीस यूनिट रक्तदान किया गया।

वात्सल्य मूर्ति, कवि हृदय राजकीय अतिथि, आचार्य श्री 108 शशांक सागर जी मुनिराज के चरणों में शत् शत् नमन् आचार्य श्री आदिनाथ भवन, मीरा मार्ग, मानसरोवर जयपुर में विराजमान हैं।

आचार्य शशांक सागर वचन

जिनके चरणों में लगी हुई तीर्थो की पावन रजकण,
बड़े भाग्य से मिल पाता उन चरणों का स्पर्शन
जिनकी हितमित प्रिय वाणी हरती है धरती का क्रंदन,
ऐसे आचार्यश्री शशांक सागर जी के चरणों में हमारा शत् शत् वंदन

यकीन मानो वो सब कुछ लौटकर आएगा
जो आप किसी को आज दे रहे हो

-: नमनकर्ता/पुण्यार्जक :-

श्रेष्ठी विनित चांदवाड़ (सिद्धार्थ नगर, जयपुर)
श्रेष्ठी ऋषभ कुमार सेठी (अध्यक्ष तिलक नगर जयपुर)
श्रीमती राखी गंगवाल, (आदिनाथ नगर, जयपुर)
अनिल कुमार पाण्ड्या (बनेठा वाले)
गजेन्द्र बड़जात्या, (कामा वाले) जयपुर

श्रेष्ठी महेश-राकेश कुमार ठोल्या (मारूजी का चौक, जयपुर)
पवन कुमार बड़जात्या मरवावाले किशनगढ़
अशोक चांदवाड (वसुन्धरा कॉलोनी, जयपुर)
मधु जैन अध्यक्षा-श्री दिग. जैन मंदिर प्रतापनगर सेक्टर-3
कमल चंद छाबड़ा अध्यक्ष 1008 श्री शांतिनाथ दिग. जैन मंदिर मान्यवास, मानसरोवर जयपुर

विज्ञापन प्रेषक: R.K.Advertising मदनगंज किशनगढ़ द्वारा-शेखरचन्द पाटनी, जैन गजट राष्ट्रीय संवाददाता, मो. 09667168267 rkpatin777@gmail.com

भगवान महावीर जयंती पर हार्दिक शुभकामनाओं सहित

परम पूज्य वात्सल्य वारिधि, जिन धर्म प्रभावक, राष्ट्र गौरव आचार्य श्री 108 वर्धमान सागर जी महाराज एवं समस्त मुनि संघ के चरणों में

शत् शत् नमन, शत् शत् वंदन

नमनकर्ता: राजेन्द्र कुमार जैन, भागचन्द्र जैन एवं समस्त छाबड़ा परिवार

'Manik Ratan Bldg', By lane Kamal Patrol Pump, H. B. Road, Machkhowa, Guwahati - 781009

Jain Group

Estd-1898 | ।।श्री आदिनाथाय नमः।। | Parent Mahasabha Estd- 1892

श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा चेरिटेबल ट्रस्ट

Shree Bharatvarshiya Digamber Jain Mahasabha Charitable Trust

आयकर अधिनियम की धारा 80-G के अन्तर्गत छूट प्राप्त

5, Khandelwal Digamber Jain Mandir Complex, Raja Bazar, Cannaught Place, New Delhi - 110001
T. No. :- 011-23344668, Fax No. :- 011-23344669
e-mail : digjainmahasabha@gmail.com, digjainmahasabha@yahoo.com, www.digjainmahasabha.org

dedicated for preservation of ancient religion, culture & traditions

10 मार्च 2026

श्रीयुत

श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा चेरिटेबल ट्रस्ट की मैनेजिंग कमेटी की बैठक दिनांक 10 मार्च 2026, मंगलवार को सायं 4:00 बजे स्थानः 5, खण्डेलवाल जैन मन्दिर कॉम्पलैक्स, राजा बाजार, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 पर ट्रस्ट के कार्यालय में सम्पन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि ट्रस्ट की साधारण सभा की मीटिंग ट्रस्ट की नियमावली के पॉइंट 13 (N) के अनुसार, दिनांक 04 अप्रैल 2026, शनिवार को सायं 3:00 बजे, 5 खण्डेलवाल जैन मन्दिर कॉम्पलैक्स, राजा बाजार, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली में आयोजित की जायेगी।
इस साधारण सभा की बैठक में निम्नलिखित विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

एजेण्डा

1. मंगलाचरण।
2. ट्रस्ट की वर्तमान आर्थिक स्थिति पर विचार विमर्श एवं ट्रस्ट को सशक्त बनाने पर चर्चा।
3. मैनेजिंग कमेटी के नये सदस्यों का चुनाव।
4. ट्रस्ट में नये ट्रस्टी बनाने हेतु चर्चा।
5. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से।

अतः आप सभी ट्रस्टियों से विनम्र निवेदन है कि समय पर उपस्थित होकर अपने अमूल्य सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान करें, जिससे महासभा चेरिटेबल ट्रस्ट को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।
सधन्यवाद।

भवदीय,

गजराज जैन गंगवाल
एग्जीक्यूटिव ट्रस्टी श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा चेरिटेबल ट्रस्ट
राष्ट्रीय अध्यक्ष -श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा

सम्मान एवं स्वागत

श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यालय (स्थानः श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा चैरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय 5, खण्डेलवाल जैन मन्दिर कॉम्प्लेक्स, राजा बाजार, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001) में नये सम्मानित ट्रस्टी आदरणीय श्री जिनेन्द्र जैन नरपतिया जी के आगमन पर उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस गरिमामय अवसर पर श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री गजराज जैन गंगवाल, ट्रस्टी श्री पवन जैन गोधा, ट्रस्टी श्री गजेन्द्र जैन बज, ट्रस्टी श्री हरकचंद सोगानी, ट्रस्टी श्री इन्द्रेश जैन, ट्रस्टी श्री संदीप जैन, श्री पुनीत जैन एवं अन्य सम्मानित महानुभावों द्वारा उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं पहचान-पत्र (आई-कार्ड) भेंट कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन अत्यंत स्नेहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी उपस्थित सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की मंगल कामना की।

जैन गजट की सदस्यता, विज्ञापन या सहयोग राशि 'जैन गजट' के पक्ष में पंजाब नेशनल बैंक, राजेन्द्र नगर शाखा, लखनऊ- 226004 उ.प्र. में सेविंग खाता संख्या 2405000100102500 (RTGS/NEFT IFSC CODE - PUNB 0185600) में आनलाइन/चैक द्वारा जमा कराकर डिपोजिट स्लिप सहित अपने पूर्ण नाम-पते, पिन कोड सहित निम्न पते/वाट्सअप/ईमेल पर भेजकर सूचित करने की कृपा करें-

जैन गजट कार्यालय- श्री नन्दीश्वर फ्लोर मिल्स कम्पाउण्ड, मिल रोड, ऐशबाग, लखनऊ- 226004
मोबा./वाट्सअप- 7607921391, मोबा. 7505102419
Email: jaingazette2@gmail.com

पूज्य मुनिश्री विष्णु सागर जी महाराज की स्मृति में विनयांजलि सभा का आयोजन

यह सभा नई दिल्ली के मावलंकर हॉल में सम्पन्न हुई। ज्ञातव्य हो कि मुनिश्री पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री प्रदीप जैन आदित्य के गृहस्थ जीवन के पिताश्री थे। विनयांजलि सभा में आचार्य श्री 108 प्रज्ञसागर जी महाराज एवं लोकेश मुनि, श्री योगभूषण जी महाराज एवं अनेक मुनियों के सानिध्य में संपन्न हुई। जिसमें समाज के गणमान्य श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गजराज जैन गंगवाल, ग्लोबल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जमनालाल हपावत, मुंबई, तीर्थक्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जम्मू प्रसाद जैन, श्री दिगंबर जैन परिषद के श्री पुनीत जैन, श्री दिगंबर जैन महासमिति के अध्यक्ष श्री मणीन्द्र जैन, श्री स्वराज जैन आदि उपस्थित हुए। विनयांजलि सभा में सांसद श्री मनोज तिवारी, श्री दिग्विजय सिंह पूर्व मंत्री भारत सरकार, श्री प्रमोद तिवारी कांग्रेस नेता एवं श्री प्रदीप जैन पूर्व मंत्री ने दीप जलाकर सभा को प्रारंभ किया। सर्वप्रथम मनोज तिवारी जी ने मुनिश्री विष्णु सागर जी को विनयांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रदीप जी आदित्य ऐसे धन्य हैं जिन्हें धार्मिक एवं सामाजिक पूज्य पिताजी मिले। धार्मिक भावना से ओतप्रोत आपने रेलवे की नौकरी बड़े ही सहजता से की, मैं उनको अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आदरणीय श्री दिग्विजय सिंह जी ने कहा कि इस समय वर्तमान में विश्व में अराजकता फैली हुई है। आज देश में अहिंसा की बहुत जरूरत है। भगवान महावीर के सिद्धांत जीओ और जीने दो और सांसद मनोज तिवारी जी के गीत वर्तमान को वर्धमान की आवश्यकता है, बिल्कुल सटीक उदाहरण है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि मेरा सौभाग्य कि मैने आदरणीय प्रदीप जैन आदित्य के साथ विधानसभा में सहभागिता की, उनके साथ काम किया। श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गजराज जैन गंगवाल ने पूज्य मुनिश्री के गृहस्थ जीवन पर प्रकाश डालते हुये महासभा परिवार और अपनी ओर से उन्हें श्रीफल भेंटकर विनयांजलि अर्पित किया। महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री पवन जैन गोधा ने भी पूज्यश्री को श्रीफल भेंटकर अपनी विनयांजलि अर्पित किया। जैन राजनीतिक चेतना मंच के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री हुकुमचंद काका, पूर्व विधायक श्री सुकीर्ति जैन, स्थानकवासी जैन कान्फ्रेंस के राष्ट्रीय पदाधिकारी श्री सुभाष ओसवाल, श्री अमित राय जैन राष्ट्रीय महामंत्री एवं श्वेतांबर समाज से श्री ललित जैन नाहटा ने पूज्य मुनिश्री को अपनी विनयांजलि अर्पित की।

कषाय का नाप आत्मा को कष्ट की अधिकता या कमी से किया जाता है

संपादकीय

भोगवादी संस्कृति और मानव मूल्य

जैन परंपरा के चिरंतन इतिहास में तीर्थंकरों की परंपरा केवल धार्मिक श्रद्धा का विषय नहीं, बल्कि मानवता के नैतिक और आध्यात्मिक उत्थान की दिशा में एक महान मार्गदर्शक रही है। इस गौरवशाली परंपरा के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक केवल एक ऐतिहासिक या धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि आत्म जागरण का प्रेरक अवसर है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि मनुष्य का वास्तविक उत्कर्ष बाहरी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि आत्मविजय से होता है।

भगवान महावीर का जीवन इस सत्य का उज्ज्वल उदाहरण है कि महावीरता बाहरी पराक्रम में नहीं, बल्कि अंतःकरण की विजय में निहित है। राजवैभव में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने जीवन का लक्ष्य सांसारिक सुख-सुविधाओं में नहीं, बल्कि आत्मज्ञान और आत्ममुक्ति में खोजा। तीस वर्षों तक राजमहल में रहते हुए भी उनके अंतर्मन में वैराग्य की चेतना प्रबल रही और अंततः उन्होंने त्याग, तप और साधना का मार्ग अपनाया। बारह वर्षों की कठिन साधना के पश्चात उन्हें कैवल्यज्ञान की प्राप्ति हुई और उसके बाद उन्होंने मानवता को धर्म, करुणा और आत्मसंयम का मार्ग दिखाया।

महावीर का धर्म किसी संकीर्ण परिधि में बंधा हुआ नहीं है। उनका संदेश सार्वकालिक और सार्वभौमिक है। उन्होंने धर्म को कर्मकांड या बाहरी प्रदर्शन का विषय नहीं माना, बल्कि उसे जीवन के आचरण में उतारने का आग्रह किया। समता, सत्य, ईमानदारी, पवित्रता, अपरिग्रह, अनेकांत और अहिंसा-ये वे मूल्य हैं जो महावीर के धर्म की आधारशिला हैं। यदि धर्म मनुष्य के भीतर इन मूल्यों को जागृत नहीं करता, तो वह केवल औपचारिकता बनकर रह जाता है।

आज का युग तीव्र प्रतिस्पर्धा, हिंसा, स्वार्थ और वर्चस्व की मानसिकता से ग्रस्त दिखाई देता है। जीवन की दौड़ में मनुष्य बाहरी सफलता के पीछे भागते हुए अपने भीतर की शांति और संतुलन खोता जा रहा है। ऐसे समय में महावीर का संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठता है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जो मनुष्य स्वयं को जीत लेता है, वही सच्चा विजेता है। इंद्रियों पर नियंत्रण, इच्छाओं का संयम और अहंकार का त्याग-यही वास्तविक महावीरता है।

दुर्भाग्य से आज धर्म का स्वरूप भी अनेक स्थानों पर बाहरी आडंबरों में सीमित होता जा रहा है। मंच, माला और माइक की चमक-दमक में कभी-कभी धर्म का वास्तविक उद्देश्य धुंधला पड़ जाता है। राजनीति, शिक्षा, न्याय और स्वास्थ्य जैसे पवित्र क्षेत्रों में भी नैतिक मूल्यों का ह्रास चिंता का विषय बनता जा रहा है। ऐसे समय में भगवान महावीर का जीवन और उनकी शिक्षाएँ समाज के लिए दीप स्तंभ के समान मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। वे हमें याद दिलाती हैं कि किसी भी स्थायी परिवर्तन की शुरुआत भीतर से होती है।

महावीर बनने का मूल सूत्र है-अहंकार का विसर्जन। 'मैं' की दीवार जब तक बनी रहती है, तब तक प्रेम, करुणा और सह अस्तित्व की भावना विकसित नहीं हो सकती। महावीर का संदेश हमें यही सिखाता है कि विनम्रता, सहनशीलता और आत्मसंयम ही जीवन को सार्थक बनाते हैं। जब मनुष्य अपने भीतर की दुर्बलताओं को पहचान कर उन्हें जीतने का प्रयास करता है, तभी वह वास्तविक प्रगति की ओर अग्रसर होता है।

महावीर जयंती का वास्तविक अर्थ केवल शोभा यात्राओं, उत्सवों या औपचारिक आयोजनों तक सीमित नहीं होना चाहिए। यह दिन आत्म समीक्षा और आत्म परिवर्तन का अवसर है। हमें स्वयं से यह प्रश्न पूछना चाहिए कि क्या हम अपने जीवन में अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और सहिष्णुता के मूल्यों को स्थान दे पा रहे हैं? यदि नहीं, तो महावीर जयंती का उत्सव अधूरा रह जाएगा।

आज विश्व जिस प्रकार हिंसा, असहिष्णुता और विभाजन की प्रवृत्तियों से जूझ रहा है, उसमें भगवान महावीर की शिक्षाएँ मानवता के लिए आशा का संदेश देती हैं। उनका दर्शन हमें बताता है कि विविधता में सहअस्तित्व संभव है और मत भिन्नता के बावजूद संवाद और समन्वय का मार्ग अपनाया जा सकता है। अनेकांत का सिद्धांत आज के वैश्विक समाज के लिए अत्यंत उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान करता है। समाज में बढ़ती विखंडन की प्रवृत्तियों और नैतिक संकट के इस दौर में आवश्यकता इस बात की है कि हम केवल महावीर का स्मरण न करें, बल्कि उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का प्रयास करें। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर के क्रोध, लोभ, अहंकार और हिंसा पर विजय प्राप्त करने का संकल्प ले, तो समाज में स्वतः ही शांति, सद्भाव और नैतिकता का वातावरण निर्मित हो सकता है। इसलिए महावीर जयंती का संदेश स्पष्ट है- अपने भीतर के महावीर को जगाइए। अपने विचारों को उदात्त बनाइए, अपने आचरण को पवित्र कीजिए और जीवन को मानवीय मूल्यों से आलोकित कीजिए। यही भगवान महावीर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी और यही समाज तथा राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला भी।

– डॉ. सुनील जैन 'संचय' ललितपुर
सह सम्पादक

साल भर रोगों से सुरक्षा देती है नीम की गोली

आयुर्वेद में नीम को केवल एक वृक्ष नहीं, बल्कि एक 'चलता-फिरता चिकित्सालय' माना गया है। आधुनिक विज्ञान जहाँ कहता है। 'Prevention is better than cure', वहीं हमारे ऋषियों ने सदियों पहले नीम के माध्यम से स्वास्थ्य रक्षा का मार्ग प्रशस्त कर दिया था।

1. नीम के विभिन्न नाम और परिचय
वैज्ञानिक नामः Azadirachta indica
आयुर्वेदिक नामः निम्ब, पिचुमर्द, तिक्तक, अरिष्ट, पारिभद्रक, हिंनिर्मास।
विशेषताः यह भारत में सर्वत्र पाया जाने वाला सदाबहार, औषधीय और पर्यावरण रक्षक वृक्ष है।

2. शास्त्रोक्त महत्व (श्लोक एवं अर्थ):
'शतायुर्वज्र देहाय सर्वसम्पत्कराय च।
सर्वानिष्ट विनाशाय निम्बकं दलभक्षणम।।'
अर्थः सौ वर्षों का लंबा जीवन (शतायु), वज्र जैसा मजबूत शरीर और सभी रोगों (अनिष्ट) के विनाश के लिए नीम की पत्तियों का सेवन अनिवार्य है।

'निम्बःस्यात् कटुकस्तितः
शीतोऽल्पोऽग्निदः।
कफपित्तास्त्रहृत्पाण्डु - कुष्ठ
मेहव्रणापहः।।'

(भाव प्रकाश निघण्टु) अर्थः नीम कड़वा, शीतल और पाचक होता है। यह कफ, पित्त, रक्त विकार, रक्ताल्पता (पाण्डु), कुष्ठरोग, मधुमेह और घावों को समूल नष्ट करता है।

3. प्रमुख औषधीय लाभः
त्वचा रोगः सूजनरोधी और जीवाणुरोधी गुणों के कारण मुँहासे, एक्जिमा और सोरायसिस में रामबाण।
रक्त शोधकः यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालकर रक्त को शुद्ध करता है।
रोग प्रतिरोधक क्षमताः शरीर की इम्युनिटी बढ़ाकर संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करता है।
विविध उपयोगः दाँतों व मसूड़ों की सूजन, पेट के कीड़े (उदरकृमि), मधुमेह, अल्सर और मलेरिया रोधी गुणों से भरपूर।

4. विशेष स्वास्थ्य अभियानः 'नीम सुरक्षा गोली' - वैद्य पीठ द्वारा चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन से मात्र 15 दिनों के लिए इस विशेष गोली के सेवन का परामर्श दिया जाता है, जो पूरे एक वर्ष के लिए 'हेल्थ इंश्योरेंस' की तरह कार्य करती है।

घटक द्रव्य (सामग्री): नीम की कोमल ताम्र वर्ण पत्तियांः 10 ग्राम, काली मिर्चः 10 ग्राम, लाल हो चुकी हरी मिर्च (बीज रहित): 10 ग्राम

निर्माण एवं सेवन विधिः सभी सामग्रियों को धोकर साफ करें। मिर्च के बीज हटा दें और काली मिर्च का महीन चूर्ण बना लें। अब तीनों को एक साथ घोटकर महीन चटनी बना लें। थोड़ा सूखने पर मटर के समान छोटी गोलियां बनाकर सुखा लें।

सेवनः चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन से लगातार 15 दिन तक, प्रतिदिन सुबह खाली पेट जल के साथ एक गोली लें।

5. एक जागरूक संदेश - आज विश्व भारतीय आयुर्वेद के ज्ञान को पेटेंट कराने की होड़ में है। हमें अपने ऋषियों द्वारा विरासत में दिए गए इस ज्ञान के प्रति सचेत और गौरवान्वित होना चाहिए।

'आयुर्वेद अपनाएं, स्वास्थ्य बनाएं।'
- वैद्य राधेश्याम श्रीवास्तव

राष्ट्रीय खंडेलवाल दिगम्बर जैन संगठन के निःशुल्क व्हाट्सऐप बायोडाटा परिचय ग्रुप ने तीन वर्ष पूर्ण किए

इंदौर। राष्ट्रीय खंडेलवाल दिगम्बर जैन संगठन द्वारा संचालित निःशुल्क व्हाट्सऐप बायोडाटा परिचय ग्रुप ने सफलता पूर्वक तीन वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इस पहल के माध्यम से खंडेलवाल सरावगी दिगम्बर जैन समाज के परिवारों को आपस में परिचय का एक सरल और उपयोगी माध्यम प्राप्त हुआ है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में इसके विभिन्न ग्रुपों में 5000 से अधिक परिवार जुड़े हुए हैं और देश के 25 से अधिक शहरों से समाज के सेवाभावी लोग संयोजक के रूप में सहयोग कर रहे हैं। इस व्यवस्था के माध्यम से देश के अलग-अलग स्थानों पर निवास करने वाले परिवार अपने बेटे-बेटियों के बायोडाटा साझा कर सकते हैं तथा घर बैठे समाज के अन्य परिवारों के बायोडाटा अपने मोबाइल पर देख सकते हैं। इस व्यवस्था की विशेषता यह है कि इसमें किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता और परिवारों को किसी प्रकार की प्रतीक्षा या अलग-अलग स्थानों पर संपर्क करने की आवश्यकता नहीं रहती। अभिभावक अपने बच्चों का बायोडाटा नीचे दिए गए किसी भी संयोजक के मोबाइल नंबर पर भेज सकते हैं और संबंधित ग्रुप से जुड़कर नियमित रूप से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

संयोजकों में अनिता गंगवाल (पुणे), श्रीमती सुनीता काला (दिल्ली), बीना पदम सेठी जैन (सूरत), नेहा सरगम जैन (इंदौर), शमा अजमेरा (पुणे), नीरज-प्रीति मोदी (इंदौर), मुकेश विनायका (नीमच), महेंद्र पाटनी (हरदा), रतन पाटनी (अहमदाबाद), मनीष छाबड़ा (अहमदाबाद), आचार्य डॉ. नीता पंकज जैन (जालना), मनोज बड़जात्या (नासिक), शैलेंद्र जैन पाटनी (लखनऊ), श्रीमती शशि टोंग्या (भोपाल), श्रीमती वंदना बड़जात्या तथा सुनील कुमार जैन (अलवर) समाज की इस सेवा में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। इसके साथ ही 32 से 35 वर्ष आयु वर्ग के अविवाहित युवक-युवतियों तथा तलाकशुदा, विधवा-विधुर के लिए विशेष बायोडाटा ग्रुप भी संचालित किए जा रहे हैं। इसके लिए बायोडाटा भेजते समय ''विशेष बायोडाटा ग्रुप'' लिखकर भेजने का अनुरोध किया गया है। इस पहल के संस्थापक संदीप-शीतल पहाड़िया ने समाज के परिवारों से इस निःशुल्क व्यवस्था का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

बायोडाटा भेजने या अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7987455476 और 9827027045 पर संपर्क किया जा सकता है।

।। श्री पार्श्वनाथाय नमः।।

पेन्टर मधुसूदन एण्ड कम्पनी
(जैन कला विशेषज्ञ)
कुमावत कॉलोनी, बिहारी पोल, नया शहर किशनगढ़ (अजमेर) राज.
मो. 9828333966, 9461509807,
फोनः 01463-245195
www.jainartsblogspot.com
मन्दिरों में कांच कार्य, कांच पर मीनाकारी कार्य, गोल्डन कांच का कार्य, मार्बल डेरियों पर स्वर्ण कार्य तथा सभी तरह के स्वर्णयुक्त चित्र बनवाने एवं समस्त प्रकार के कलात्मक कार्य हेतु सम्पर्क करें।

प्रसिद्ध समाजसेवी, देव, शास्त्र, गुरु के परम भक्त, परम श्रद्धेय स्व. श्री राजेंद्र कुमार जी लुहाड़िया पुत्र स्व. श्री रामबाबू जी लुहाड़िया दुर्गापुरा, श्रीजी नगर, जयपुर निवासी की
प्रथम पुण्यतिथि 18. 03. 2026 पर
शत-शत् नमन वंदन

स्वर्गवास 08.03.25

-: श्रृद्धावनत :-
श्रीमती रेखा लुहाड़िया-पत्नी (अध्यक्ष) महिला मंडल दुर्गापुरा, मनीष लुहाडिया-डॉ. अक्षिता लुहाड़िया (पुत्र-वधू), कुहू (पौत्री) तथा गजेंद्र कुमार जी (दामाद), खिली, सिनिग्धा (दोहितियां) सहित समस्त लुहाड़िया परिवार, प्लॉट नंबर-3, एकता पथ, श्रीजी नगर, दुर्गापुरा जयपुर मो. 9530383358, 9828017959

अच्छे नेतृत्व का पतन: दोष किसका–व्यक्ति, समाज या व्यवस्था का?

डॉ. संतोष जैन
काला (CA)
गुवाहाटी
मो. 9435048488

भूमिका: एक बेचैन करने वाला प्रश्न - यह भूमिका केवल एक प्रश्न नहीं, बल्कि हमारे समय की सबसे गहरी सामाजिक पीड़ा का उद्घोष है। आज नेतृत्व की परिभाषा ही बदलती जा रही है। जहाँ कभी नेतृत्व का अर्थ था-सेवा, त्याग, उत्तरदायित्व और नैतिक साहस, आज वही नेतृत्व सत्ता, प्रभाव, वर्चस्व और निजी लाभ का पर्याय बनता जा रहा है। इसी परिवर्तन के कारण ईमानदार, निस्वार्थ और साफछवि वाले लोग नेतृत्व से दूर दिखाई देते हैं।

सबसे पहला कारण है-मूल्य और व्यवस्था का टकराव। अच्छे लोग सिद्धांतों के साथ जीते हैं, जबकि आज की नेतृत्व-व्यवस्था समझौतों पर टिकी है। झूठ, चापलूसी, जोड़-तोड़ और अवसरवाद उस सीढ़ी के पायदान बन गए हैं, जिस पर चढ़कर सत्ता तक पहुँचा जाता है। नैतिक व्यक्ति को यह रास्ता अस्वीकार्य लगता है, इसलिए वह स्वयं को इस दौड़ से अलग कर लेता है।

दूसरा बड़ा कारण है-संघर्ष और अपमान का भय। ईमानदार व्यक्ति जानता है कि यदि वह नेतृत्व में आएगा, तो उसे अकेले खड़ा होना पड़ेगा। उसे अपनों की नाराजगी, विरोधियों की साजिश और व्यवस्था की बेरुखी झेलनी होगी। सच बोलने की कीमत आज बहुत भारी हो चुकी है, और हर व्यक्ति उसमें स्वयं को झोंकने का साहस नहीं जुटा पाता।

तीसरा कारण है-चुप रहने वाले अच्छे लोग। समाज में अच्छे लोग कम नहीं हैं, पर वे मुखर नहीं हैं। वे सोचते हैं-"हमारे बिना भी व्यवस्था चल रही है" या "एक व्यक्ति क्या बदल लेगा?" यही मौन धीरे-धीरे बुराइयों को ताकत देता है। जब अच्छे लोग पीछे हटते हैं, तब नेतृत्व का स्थान स्वाभाविक रूप से वे लोग ले लेते हैं, जिनके पास नैतिक बल नहीं, बल्कि सत्ता की भूख होती है।

चौथा कारण है-समाज की दोहरी अपेक्षा। समाज ईमानदार नेतृत्व चाहता तो है, पर उसकी कीमत चुकाने को तैयार नहीं होता। वह सच्चे नेता से चमत्कार की उम्मीद करता है, पर उसके साथ खड़ा नहीं होता। उसे आदर्श चाहिए, पर सुविधाओं की कीमत पर। परिणामस्वरूप ईमानदार व्यक्ति हतोत्साहित होकर स्वयं को सुरक्षित दूरी पर रख लेता है। इसका परिणाम समाज को दीर्घकाल में चुकाना पड़ता है। जब नेतृत्व चरित्रहीन हाथों में चला जाता है, तब संस्थाएँ खोखली हो जाती हैं, विश्वास टूटता है, और पीढ़ियाँ दिशाहीन हो जाती हैं। तब हम शिकायत करते हैं राजनीति गंदी है, संस्थाएँ भ्रष्ट हैं, समाज टूट रहा है पर यह भूल जाते हैं कि अच्छे लोगों का पीछे हटना भी इस पतन का एक कारण है। अंततः यह प्रश्न केवल "वे आगे क्यों नहीं आते?" का नहीं है, बल्कि "हमने उनके लिए स्थान क्यों नहीं बनाया?" का भी है। जब तक समाज ईमानदारी को शक्ति नहीं देगा, त्याग को सम्मान नहीं देगा और सत्य के साथ खड़े होने का साहस नहीं करेगा तब तक नेतृत्व में अच्छे लोगों की कमी बनी रहेगी। यह समय आत्ममंथन का है, क्योंकि नेतृत्व वही मिलता है, जिसे समाज स्वयं स्वीकार करता है।

1. सत्ता का बदलता स्वरूप: सेवा से नियंत्रण तक - कभी नेतृत्व समाज की सबसे पवित्र जिम्मेदारी माना जाता था। प्रधान, अध्यक्ष या नेता होना सम्मान नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व होता था। नेतृत्व का अर्थ था सबसे आगे चलकर सबसे पीछे खड़े व्यक्ति की चिंता करना, अपने अधिकारों से अधिक अपने कर्तव्यों को समझना और स्वयं को समाज का सेवक मानना। उस समय सत्ता साधन नहीं, सेवा का माध्यम थी। पर समय के साथ नेतृत्व का स्वरूप पूरी तरह बदल गया। आज नेतृत्व सेवा से अधिक नियंत्रण का प्रतीक बन चुका है। प्रधान, अध्यक्ष, सचिव या नेता जैसे पद अब केवल नाम नहीं रहे, बल्कि शक्ति के केंद्र बन गए हैं। इन पदों के साथ निर्णय लेने की ताकत, धन के उपयोग पर अधिकार, अनुशंसा की शक्ति, ठेके, नियुक्तियाँ और सामाजिक प्रभाव जुड़ गया है। जहाँ शक्ति आती है, वहाँ स्वार्थ स्वतः प्रवेश कर लेता है। साफ छवि वाला, नैतिक व्यक्ति स्वभाव से सत्ता-लोलुप नहीं होता। उसका आत्मबल पद से नहीं, सिद्धांतों से जुड़ा होता है। वह दबाव की राजनीति, गुटबाजी, सौदेबाजी और षड्यंत्रों से दूर रहना चाहता है। ऐसे व्यक्ति को आज की सत्ता-संरचना "कमजोर" या "अयोग्य" मान लेती है, क्योंकि वह नियंत्रण की भाषा नहीं समझता, बल्कि विवेक और सदाचार की भाषा बोलता है। आज नेतृत्व के लिए सबसे बड़ी योग्यता सेवा नहीं, बल्कि नियंत्रण क्षमता बन गई है किसे दबाना है, किसे साधना है और किसे लाभ देकर चुप कराना है। ऐसे माहौल में ईमानदार व्यक्ति न तो स्वयं को फिट पाता है, न समाज उसे स्वीकार करता है। यही कारण है कि सत्ता का उद्देश्य जैसे ही सेवा से हटकर नियंत्रण बनता है, वैसे ही ईमानदारी अपने-आप हाशिए पर चली जाती है। "जहाँ सत्ता का उद्देश्य सेवा न होकर नियंत्रण बन जाए, वहाँ ईमानदारी स्वतः ही अयोग्य घोषित कर दी जाती है।"

2. धन और बाहुबल: चुनाव नहीं, निवेश बन गया है नेतृत्व - आज किसी भी संस्था, समाज या संगठन की चुनावी प्रक्रिया को देखें, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि नेतृत्व अब योग्यता की नहीं, निवेश की प्रतियोगिता बन गया है। बैनर, वाहन, बड़े-बड़े पोस्टर, महंगे भोज, प्रचार सामग्री, सोशल मीडिया अभियान, ये सब अब नेतृत्व के अनिवार्य हथियार बन चुके हैं। इसके साथ-साथ उपकार और भय की राजनीति भी खुलकर खेली जाती है। जो व्यक्ति सबसे अधिक पैसा खर्च करता है, वही सबसे मजबूत उम्मीदवार माना जाता है। पैसा अब विचारों को दबा देता है और प्रचार सच्चाई से ज्यादा प्रभावी हो जाता है। इस वातावरण में ईमानदार व्यक्ति स्वाभाविक रूप से पिछड़ जाता है, क्योंकि वह धन को साधन मानता है, हथियार नहीं। वह न पैसा बहाता है, न किसी को डराता है, न लालच देता है। ईमानदार व्यक्ति सोचता है कि उसकी साख, उसका अनुभव और उसका चरित्र पर्याप्त होगा। पर आज का तंत्र चरित्र नहीं, खर्च देखता है। परिणाम स्वरूप नेतृत्व वही पाता है, जो सबसे अधिक निवेश करता है, न कि वह जो सबसे अधिक योग्य होता है। यह व्यवस्था धीरे-धीरे भ्रष्टाचार को जन्म देती है, क्योंकि जो पैसा लगाकर पद पर आता है, वह उस पैसे की वसूली को अपना अधिकार समझने लगता है।

यह स्थिति समाज के लिए अत्यंत घातक है। नेतृत्व जब सेवा नहीं, बल्कि निवेश की वापसी का माध्यम बन जाए तो नैतिकता का पतन निश्चित है। तब ईमानदार व्यक्ति या तो पीछे हट जाता है या हताश होकर स्वयं को अलग कर लेता है।

"जब चुनाव योग्यता से नहीं, जेब से लड़ा जाए, तो चरित्र स्वाभाविक रूप से हार जाता है।"

3. चरित्र नहीं, चतुराई की पूजा - आज समाज में एक खतरनाक मानसिक परिवर्तन देखने को मिलता है। अब चरित्र की नहीं, चतुराई की पूजा होने लगी है। जो नियम तोड़कर आगे बढ़ता है, जो झूठ बोलकर काम निकाल लेता है, जो हर परिस्थिति में रंग बदल लेता है-उसे "स्मार्ट" कहा जाता है। इसके विपरीत, जो नियमों का पालन करता है, सत्य के साथ खड़ा रहता है, उसे भोला, अव्यावहारिक या पिछड़ा मान लिया जाता है। यह सोच समाज को भीतर से खोखला कर रही है। ईमानदार व्यक्ति दीर्घकालीन सोचता है। वह जानता है कि गलत रास्ता तात्कालिक लाभ दे सकता है, पर अंततः विनाश ही लाता है। लेकिन समाज को त्वरित परिणाम चाहिए। आज फायदा, अभी सफलता। ऐसे में चालाकी तेज दौड़ती हुई दिखाई देती है और ईमानदारी धीमी। नेतृत्व की दौड़ में यही सबसे बड़ा भ्रम है। लोग भूल जाते हैं कि दौड़ नहीं, दिशा महत्वपूर्ण है। चतुराई क्षणिक चमक देती है, जबकि चरित्र स्थायी विश्वास बनाता है। जब समाज स्वयं चालाक लोगों को पुरस्कार देता है, तब ईमानदार व्यक्ति स्वाभाविक रूप से पीछे रह जाता है।

"ईमानदारी धीरे चलती है और चालाकी दौड़ती हुई दिखाई देती है-पर मंजिल हमेशा ईमानदारी की ही होती है।"

4. अच्छे लोगों की चुप्पी: सबसे बड़ा कारण - इन सभी कारणों के बीच सबसे गंभीर और निर्णायक कारण है, अच्छे लोगों की चुप्पी। समाज में योग्य, शिक्षित, अनुभवी और नैतिक लोगों की कमी नहीं है, पर उनमें से अधिकांश नेतृत्व की जिम्मेदारी लेने से बचते हैं। वे कहते हैं-"मुझे झंझट नहीं चाहिए", "मुझे बदनामी नहीं चाहिए", "मुझे विवादों में नहीं पड़ना।" यह सोच मानवीय है, पर इसके परिणाम विनाशकारी हैं। जब अच्छे लोग पीछे हटते हैं, तब बुरे लोगों के लिए रास्ता खुला हो जाता है। सत्ता कभी खाली नहीं रहती, यदि योग्य लोग आगे नहीं आते, तो अयोग्य स्वयं आगे आ जाते हैं।

अच्छे लोगों की चुप्पी बुराई को सबसे बड़ा संरक्षण देती है। इतिहास गवाह है कि समाज का पतन अत्याचारी लोगों से कम और मौन दर्शकों से अधिक हुआ है। आज आवश्यकता है कि अच्छे लोग असुविधा स्वीकार करें, जोखिम उठाएँ और नेतृत्व की जिम्मेदारी लें।

"दुनिया बुरे लोगों से नहीं बिगड़ती, बल्कि अच्छे लोगों की चुप्पी से बिगड़ती है।"- एलबर्ट आइंस्टीन

5. गलत लोगों का संगठित होना: ईमानदारी की सबसे बड़ी चुनौती - नेतृत्व के पतन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण कारण है-गलत लोगों का संगठित होना। जो लोग गलत तरीकों से सत्ता में आते हैं, वे अकेले नहीं चलते। वे एक-दूसरे का संरक्षण करते हैं, एक-दूसरे की गलतियों पर परदा डालते हैं और संकट की घड़ी में एक ढाल बनकर खड़े हो जाते हैं। उनके लिए विचारधारा या नैतिकता महत्वपूर्ण नहीं होती, महत्वपूर्ण होता है-सत्ता का बचाव। ऐसे लोग जानते हैं कि यदि एक गिरा, तो कई गिरेंगे। इसलिए वे एक-दूसरे को बचाने के लिए झूठ को सच और सच को झूठ साबित करने से भी नहीं हिचकते। यह संगठित असत्य, ईमानदारी के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाता है। दूसरी ओर ईमानदार व्यक्ति स्वभाव से अकेला होता है। वह गुटबाजी से दूर रहता है, क्योंकि उसे विश्वास होता है कि सत्य अपने बल पर खड़ा रह सकता है। पर व्यवहारिक दुनिया में यही उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बन जाती है। जब निर्णयों के समय संख्या देखी जाती है, तब संगठित गलत लोग भारी पड़ जाते हैं और अकेला सत्य दबा दिया जाता है। समाज अक्सर चरित्र नहीं, भीड़ देखता है। परिणाम स्वरूप ईमानदार व्यक्ति को समर्थन कम मिलता है, वह हतोत्साहित होता है और धीरे-धीरे नेतृत्व से स्वयं को अलग कर लेता है। यह स्थिति समाज के लिए अत्यंत घातक है, क्योंकि जब गलत लोग संगठित होते हैं और सही लोग बिखरे रहते हैं, तब नेतृत्व का पतन अवश्यंभावी हो जाता है।

"असत्य को संगठन चाहिए, सत्य अकेला भी पर्याप्त होता है-पर समाज अक्सर संख्या से प्रभावित हो जाता है।"

6. समाज की बदलती प्राथमिकताएँ: विवेक से सुविधा तक - नेतृत्व के संकट का एक गहरा कारण समाज की बदलती प्राथमिकताएँ भी हैं। आज मतदाता या समाज अक्सर समर्थन देता है-जाति के आधार पर, रिश्तेदारी के आधार पर, पुराने उपकारों के कारण, डर या दबाव में, या फिर तात्कालिक लाभ के लिए। चरित्र, योग्यता और दूरदृष्टि जैसे मूल्य धीरे-धीरे हाशिए पर चले गए हैं। समाज अब यह नहीं पूछता कि "यह व्यक्ति कितना ईमानदार है?", बल्कि यह देखता है कि "यह हमारे काम आएगा या नहीं?" नेतृत्व सेवा का माध्यम न रहकर लेन-देन का विषय बन गया है। ऐसे माहौल में ईमानदार व्यक्ति, जो किसी को डराता नहीं, लालच नहीं देता और झूठे वादे नहीं करता, स्वाभाविक रूप से पिछड़ जाता है। यह समाज की सामूहिक विफलता है। जब समाज स्वयं सुविधा को विवेक से ऊपर रखता है, तब वह अच्छे नेतृत्व का नैतिक अधिकार खो देता है। फिर वह शिकायत करता है कि नेता खराब हैं, व्यवस्था भ्रष्ट है, पर यह नहीं देखता कि ऐसे नेता उसी समाज की प्राथमिकताओं से जन्मे हैं।

"जिस समाज में वोट विवेक से नहीं, बल्कि सुविधा से दिया जाए-वहाँ नेतृत्व संकट में होना तय है।"

7. चरित्र हनन का भय: ईमानदारी पर सबसे क्रूर प्रहार - आज की राजनीति और सामाजिक नेतृत्व में चरित्र हनन सबसे सस्ता और प्रभावी हथियार बन चुका है। साफ छवि वाला व्यक्ति यह भली-भाँति जानता है कि जैसे ही वह नेतृत्व में आएगा, उस पर झूठे आरोप लगाए जाएंगे, सोशल मीडिया पर ट्रायल चलेगा, उसके परिवार को निशाना बनाया जाएगा और उसके निजी जीवन में दखल दिया जाएगा।

यह भय केवल व्यक्तिगत नहीं, पारिवारिक होता है। ईमानदार व्यक्ति सोचता है- "मेरे निर्णयों की सजा मेरे बच्चों या जीवन साथी को क्यों भुगतनी पड़े?" यही डर उसे पीछे हटने पर मजबूर कर देता है। दूसरी ओर, जिनके पास छुपाने को बहुत कुछ होता है, वे चरित्र हनन से डरते नहीं, क्योंकि वे उसी की भाषा समझते हैं।

"आज की राजनीति में सबसे सस्ता हथियार है-चरित्र हनन।"

